# बिहार विधान सभा सचिवालय

## आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन संख्या–05/2024 के अंतर्गत (i) पुस्तकालय सहायक (ii) उर्दू सहायक एवं (iii) अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 23.02.2025 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि **(प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे)** | 20.08.2025 से 25.08.2025 तक |
| 2 | परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 25.08.2025 तक |
| 3 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 27.08.2005 से 29.08.2025 तक |

नोटः–

1. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु निर्देश बिहार विधान सभा के वेबसाईट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भांति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा अगस्त/सितम्बर माह में संभावित है।

बिरेन्द्र कुमार
अवर सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।

# बिहार विधान सभा सचिवालय
## विज्ञापन संख्या–05/2024 के अन्तर्गत विभिन्न पदों के लिए
## मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा

बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन संख्या–05/2024 के अंतर्गत (i) पुस्तकालय सहायक (ii) उर्दू सहायक एवं (iii) अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 23.02.2025 को आयोजित प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से **मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा** के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैः–

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि **(प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे)** | 20.08.2025 से 25.08.2025 तक |
| परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि | 25.08.2025 तक |
| प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 27.08.2005 से 29.08.2025 तक |

1. उक्त पदों का वेतन स्तर, अनुमान्य आरक्षणवार औपबंधिक रिक्तियों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण, उम्र सीमा के संबंध में विस्तृत विवरण पूर्व से ही प्रारम्भिक परीक्षा के विज्ञापन में उल्लिखित है, जिसे सभा सचिवालय के वेबसाईट पर **Recruitment→Recruitment Advertisement** के अन्तर्गत देखा जा सकता है।

2. **परीक्षा की पद्धति एवं पाठ्यक्रमः**–उपर्युक्त सभी पदों के लिए मुख्य परीक्षा अलग–अलग दो पत्रों में ली जायेगी। मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक (Descriptive) होगी ।
   मुख्य परीक्षा हेतु पदवार परीक्षा की पद्धति एवं पाठ्यक्रम सभा सचिवालय के वेबसाईट पर पूर्व से ही प्रदर्शित है, जिसे Recruitment के अन्तर्गत देखा जा सकता है।

3. **परीक्षा शुल्कः**–
   बिहार राज्य के मूल निवासी अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनारक्षित वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों एवं राज्य के बाहर के अभ्यर्थी चाहे वे किसी भी कोटि/वर्ग के महिला/पुरूष हों, के लिए ऑनलाइन आवेदन–पत्र का मूल्य **600/–** (छः सौ) रूपये तथा बिहार राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग अभ्यर्थियों एवं राज्य के मूल निवासी सभी वर्ग/कोटि की महिला अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन–पत्र का मूल्य **150/–** (एक सौ पचास) रूपये है।
   अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन करते समय Net Banking / Credit / Debit Card के माध्यम से करेंगे। भुगतान में अभ्यर्थी को उपयुक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त विभिन्न बैंको द्वारा निर्धारित शुल्क भी देना होगा जिसे ऑनलाइन भुगतान के क्रम में बैंकों द्वारा स्वतः बैंक चार्ज ले लिया जायेगा। अभ्यर्थी ऑनलाईन भुगतान से संबंधित बैंक रसीद का प्रिंट निकाल कर अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

4. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व उक्त दिशा निर्देशों का भली भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही एवं सुस्पष्ट अंकित करेंगे। **ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक (विस्तृत) निर्देश का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने पर एवं ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में अभ्यर्थी द्वारा की गयी प्रविष्टि में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए सभा सचिवालय जिम्मेवार नहीं होगा। इस संबंध में किसी प्रकार के सुधार/परिवर्तन हेतु अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**
   ऑनलाईन आवेदन में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

5. ऑनलाईन आवेदन में अंकित E-mail ID, Mobile Number तथा प्राप्त Application No. / Roll No. को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे।
6. इन्टरनेट या बैंकिग व्यवधान के लिए सभा सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व ही सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।
7. ऑनलाईन भुगतान में किसी प्रकार का इन्टरनेट व्यवधान/गलत भुगतान/असफल भुगतान (Unsuccessful Payment/Transaction Status Failure/Transaction Status Pending) के लिए सभा सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा और अभ्यर्थी को सुधार हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।
8. मात्र भुगतान कर लेने से यह नहीं माना जायेगा कि आवेदक द्वारा पूर्ण रूप से आवेदन भर लिया गया है।
9. इस विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएँ सभा सचिवालय की वेबसाईट *https://vidhansabha.bihar.gov.in* पर प्रकाशित की जाएगी, समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशन अपेक्षित नहीं होगा।
10. इस विज्ञापन के लिए निर्धारित ऑनलाईन आवेदन से अलग, मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
11. आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन में सभी प्रविष्टियाँ सावधानी से भरी जाए। भविष्य में किसी प्रकार का परिवर्तन/सुधार मान्य नहीं होगा। किसी भी प्रकार की त्रुटि हेतु सभा सचिवालय उत्तरदायी नहीं होगा एवं कोई भी प्रतिकूल परिणाम हेतु आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अवर सचिव

बिहार विधान सभा, पटना।